केन्द्रीय विद्यालय कानपुर कैंट
प्रवेश सूचना: **2024-25**
दिनांक 29/03/2024

1. शैक्षणिक वर्ष **2024-25** के लिए केंद्रीय विद्यालय कानपुर कैंट में कक्षा-**1** में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण **01.04.2024** (सोमवार) को सुबह **10:00** बजे शुरू होगा और **15.04.2024** (सोमवार) को शाम **05:00** बजे बंद हो जायेगा। प्रवेश विवरण **https://kvsonlineadmission.kvs.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है।

2. कक्षा-**1** में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु **6** वर्ष होगी। सभी कक्षाओं के लिए आयु की गणना **31.03.2024** के अनुसार होगी। सीटों का आरक्षण वेबसाइट (**https://kvsangathan.nic.in**) पर उपलब्ध केवीएस प्रवेश दिशानिर्देश **2024-25** के अनुसार होगा।

3. कक्षा **2** और उससे ऊपर की कक्षाओं (**11** वीं को छोड़कर) में नए प्रवेश के लिए पंजीकरण **01.04.2024** (सोमवार) सुबह **08:00** बजे से **10.04.2024** (बुधवार) शाम **04:00** बजे तक, यदि रिक्तियाँ मौजूद हैं, तभी केवल ऑफ़लाइन मोड में शुरू किया जायेगा।

4. प्रवेश और पंजीकरण फॉर्म आदि सभी जानकारी हेतु विद्यालय की वेबसाइट **https://kanpurcantt.kvs.ac.in/** का अवलोकन करें।

5. कक्षा-**2** और उससे ऊपर की कक्षाओं में नए प्रवेश के लिए पंजीकरण केवल तभी स्वीकार किया जायेगा , जब विद्यालय में संबंधित कक्षाओं में रिक्तियाँ मौजूद हो।

6. यदि जाँच के समय आवेदन पत्र में गलत और भ्रामक जानकारी पाई जाती है तो प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

7. दिए गए समय स्लॉट में बुलाए जाने पर ही प्राचार्य/प्रवेश प्रभारी से संपर्क करें।